संपादकीय

# रूसी तेल का कारोबार

रूस अब भारत को सबसे ज्यादा कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला देश बना गया है। अब तक इराक से भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था लेकिन मार्च में रूस से भारत का आयात इराक के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा हुआ।

यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों का शिकार बना है और एक समय ऐसा लग रहा था जैसे उसकी पूरी अर्थव्यवस्था बिखर जाएगी। लेकिन उसके कच्चे तेल ने उसके बचा लिया है और दुनिया के दूसरे कई देशों की अर्थव्यवस्था भी बचा ली है। असल में कारोबार की यही खूबी होती है उसमें तमाम राजनीतिक सीमाएं मिट जाती हैं। सोचें, रूस के ऊपर अमेरिका और यूरोप में बड़ी बड़ी पाबंदियां लगा रखी हैं और उन पाबंदियों की वजह से रूस उनको कच्चा तेल नहीं बेच सकता है लेकिन वह भारत को कच्चा तेल बेच सकता है, जिसे रिफाइन करके भारतीय कंपनियां अमेरिका और यूरोप के देशों को बेच सकती हैं। गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज की यह नीति सबको रास आ रही है। भारत को तेल की कीमत स्थिर बनाए रखने में इससे मदद मिल रही है तो अमेरिका और यूरोप को भी तेल व गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है और साथ ही रूस की आक्रामकता का विरोध करने की नीति भी जारी है।

सबके फायदे वाली इस नीति का असर यह हुआ है कि रूस अब भारत को सबसे ज्यादा कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला देश बना गया है। अब तक इराक से भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था लेकिन पिछले महीने यानी मार्च में रूस से भारत का आयात इराक के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा हो गया। भारत ने रूस से मार्च में 16.4 लाख बैरल तेल आयात किया, जबकि मार्च में इराक से भारत का तेल आयात 8.1 लाख बैरल रहा। भारत को कच्चे तेल के आयात में इराक अब तीसरे स्थान पर चला गया है। दूसरे स्थान पर सऊदी अरब है, जिससे भारत ने पिछले महीने 9.86 लाख बैरल तेल आयात किया है। अमेरिका से भी भारत का कच्चे तेल का आयात कम हुआ है, जबकि अमेरिका को रिफाइन तेल के निर्यात में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के देशों ने अपनी जरूरत के लिए भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने और रिफाइन करके बेचने की अनुमति दी है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में भारत हमलावर रूस के साथ खड़ा दिख रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच भारत की छवि पर भी निश्चित रूप से असर हुआ है। दूसरे, रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदने का भारत के आम लोगों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। पिछले साल फरवरी में रूस से कच्चे तेल का आयात एक फीसदी से भी कम था, जो अब 34 फीसदी हो गया है लेकिन इस अवधि में भारत में तेल की कीमतों में कोई कमी नहीं आई है।

# मस्क ने बनाई एक्सडॉटएआई कंपनी, माइक्रोसॉफ्ट के ओपनएआई को देगी टक्कर



**नई दिल्ली।** ट्विटर के सीईओ एलोन मस्क ने चैटजीपीटी के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए एक्सडॉटएआई नाम से एक नई कंपनी बनाई है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी का मुख्ययालय टेक्सास के नेवादा में बनाया गया है और मस्क इसके एकमात्र सूचीबद्ध निदेशक हैं। मस्क के पारिवारिक कार्यालय के निदेशक जेरेड बिर्चेल को कंपनी का सचिव बनाया गया है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, एक्सडॉटएआई ने निजी कंपनी के लिए 10 करोड़ शेयरों की बिक्री को अधिकृत किया है। मस्क एक ऐसी एआई कंपनी बनाना चाहते हैं जो चैटजीपीटी नामक सफल एआई चैटबॉट की निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई से मुकाबला कर सके। विडंबना यह है कि मस्क ने ही आरंभ में ओपनएआई में 10 करोड़ डॉलर लगाए थे, लेकिन बाद में वह कंपनी से बाहर हो गए। हाल के महीनों में चैटजीपीटी और जीपीटी-4 दुनिया भर में लोकप्रिय हो गए हैं।

मार्च में, कई बड़े उद्यमियों और एआई अनुसंधानकर्ताओं, जिनमें मस्क और एप्पल के सह संस्थापक स्टीव वोज्नियाक शामिल हैं, ने एक खुला पत्र लिखकर सभी प्रयोगशालाओं को कम से कम छह महीने के लिए जीपीटी-4 से अधिक शक्तिशाली एआई सिस्टम के प्रशिक्षण को तुरंत रोकने का अनुरोध किया था।

यह ओपन लेटर ऐसे समय में लिखा गया था जब इस तरह की खबरें सामने आई थीं कि मस्क ने 2018 की शुरुआत में ओपनएआई पर नियंत्रण करने की कोशिश की थी, लेकिन सैम ऑल्टमैन और ओपनएआई के अन्य संस्थापकों ने मस्क के प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

सेमाफोर के अनुसार, प्रतिक्रिया स्वरूप मस्क कंपनी से बाहर हो गए और बड़े पैमाने पर डोनेशन की वादे से मुकर गए। ट्विटर के सीईओ एक अरब डॉलर देने के वादे से मुकर गए, लेकिन कंपनी से हटने से पहले 10 करोड़ डॉलर का योगदान दिया। ओपनएआई ने मार्च 2019 में घोषणा की कि वह एक मुनाफे के उद्देश्य से काम करने वाली इकाई बना रहा है ताकि अपने कर्मचारियों के भुगतान के लिए पर्याप्त धन जुटा सके।

इसके बाद छह महीने से भी कम समय में माइक्रोसॉफ्ट ने ओपनएआई में एक अरब डॉलर का निवेश किया और उसके बाद जो हुआ वह ऐतिहासिक है। ओपनएआई अंतिम वैल्युएशन 20 अरब डॉलर के करीब था और यह दुनिया की सबसे बड़ी एआई समर्थित कंपनी बन गई थी। मस्क ने हाल के दिनों में कई बार ओपनएआई की अलोचना की है।

# फिटजी एक्सीलरेटर प्रोग्राम 8 प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप को सशक्त बनाएगा




**नई दिल्ली।** फिटजी एक्सीलरेटर प्रोग्राम में आठ शॉर्टलिस्टेड स्टार्टअप्स ने अपने इनोवेशन को प्रदर्शित किया। इसमें रोबोट और ड्रोन बनाने के शौकीन के-12 छात्रों के लिए ऑनलाइन हैंगआउट प्लेस की अनुमति देने वाले स्टार्टअप से लेकर एआई वॉयस इंजन का उपयोग कर अंग्रेजी में भाषण को बेहतर बनाने में मदद करने वाले प्लेटफॉर्म शामिल हैं। अग्रणी शिक्षा संस्थान ने 2022 के उत्तरार्ध में अपने एक्सलरेटर प्रोग्राम का पहला समूह लॉन्च किया था और एडटेक, हेल्थटेक और सोशल इम्पैक्ट क्षेत्रों से स्टार्टअप्स को आमंत्रित किया, उन्हें एक संरचित सलाह कार्यक्रम की पेशकश की।

कार्यक्रम ने आखिरकार राजधानी में अपने डेमो डे के लिए 8 स्टार्टअप्स को चुना।

इसमें विटब्लॉक्स (के-12 छात्रों के लिए एक ऑनलाइन हैंगआउट स्थान) थे, जिनमें अरिवु लर्निंग (माईपाल), एक हाइब्रिड बी2बी एजुकेशन प्लेटफॉर्म, नर्सरी-ग्रेड 8 सीखने के लिए के8 स्कूल, स्टिमुलर जो एआई का उपयोग करके अंग्रेजी में भाषण को बेहतर बनाने में मदद करता है, शक्ति, एक महिला सुरक्षा रक्षात्मक सहायक, नेत्रहीनों की मदद के लिए परसेप्शन एआई, शिक्षा मंच अजना लेंस (डायमेंशन एनएक्सजी) और परीक्षा लाउंज जो छात्रों को उनके सीखने के व्यवहार, गति, स्तर और एआई द्वारा विश्लेषण करता है, शामिल हैं।

सौरभ श्रीवास्तव, अध्यक्ष, इंडियन एंजल नेटवर्क और सह-संस्थापक, नैसकॉम ने कहा, त्वरक कार्यक्रम ने स्टार्टअप्स के एक बहुत ही प्रभावशाली समूह को तैयार किया है जो अपार क्षमता दिखाते हैं। मैं भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं को हल करने के लिए इन युवा संस्थापकों द्वारा नवाचार की स्पष्टता और उपयोग से प्रभावित हूं।

# पंजाब सरकार ने गेहूं उत्पादकों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए 502.93 करोड़ रुपए



**चंडीगढ़।** पंजाब के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री लालचंद कटारूचक्क ने कहा कि पंजाब सरकार ने एक ही दिन में 19,642 किसानों के बैंक खातों में गेहूं की खरीद के लिए 2,125 रुपये प्रति च्ंटिल की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की राशि के रूप में सीधे 502.93 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। मंत्री ने कहा कि किसानों पर कोई वैल्यू कट नहीं लगाया गया है। शुक्रवार तक सरकारी एजेंसियों द्वारा आठ लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर सुचारू खरीद संचालन सुनिश्चित करने के लिए खाद्यान्न के एक-एक दाने की खरीद के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत, अमेरिका ने शांतिपूर्ण वैश्विक समुदाय के लिए मजबूत नींव तैयार की : सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत और अमेरिका एक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण वैश्विक समुदाय के लिए एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं। अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि एकजुटता की भावना भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को नियंत्रित करती है।

उन्होंने कहा, हम एकजुटता का जश्न मनाते हैं और यह भारत और अमेरिका के संबंधों को नियंत्रित करता है। दो लोकतंत्रों के बीच यह रिश्ता सकारात्मक सोच वाला रिश्ता है, जिसमें चुनौतियां और आंतरिक समस्याएं भी है, लेकिन हम उन्हें खुद पर हावी नहीं होने देते।

उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम जैसे कई लंबित मुद्दों को हल किया है और अफगानिस्तान से सिख शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान की है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के साथ, सिख जैसे अल्पसंख्यक समुदायों को अब वहां समान अधिकार प्राप्त हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों एक मजबूत और शांतिपूर्ण तथा सामंजस्यपूर्ण वैश्विक समुदाय के लिए मजबूत नींव का निर्माण कर रहे हैं।

सीतारमण ने कहा, मुझे लगता है कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। आपने खुद को एकीकृत किया है और आप अपने मूल स्थान से प्यार करते हैं, लेकिन आप आज अमेरिका का हिस्सा हैं और एक बहुत ही गतिशील और मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत-अमेरिका संबंध प्रगाढ़ हो रहा है।

इस अवसर पर कई अन्य अधिकारी समेत अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो भी मौजूद थी।

# कच्चे तेल की मांग रिकॉर्ड स्तर की ओर



**लंदन।** विकासशील देशों में चीन की अर्थव्यवस्था में उछाल से इस साल कच्चे तेल की वैश्विक मांग 10.19 करोड़ बैरल प्रति दिन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने 2023 के लिए दैनिक औसत मांग पिछले साल की तुलना में 20 लाख बैरल प्रति दिन अधिक रहने का अनुमान जारी किया है। आईईए की रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद सुबह एक बैरल तेल की कीमत 85.62 डॉलर से बढक़र 86.10 डॉलर हो गई।

दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों द्वारा अपने उत्पादन में कटौती के हालिया फैसलों से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे विकसित देशों में मुद्रास्फीति को कम करने और आर्थिक विकास को फिर से स्थापित करने के प्रयासों को झटका लगा सकता है।

आईईए ने कहा, यह आर्थिक सुधार और विकास के लिए बुरा संकेत है। बुनियादी जरूरतों के लिए बढ़ी हुई कीमतों से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अब अपने बजट को और भी कम करना होगा।

इस चिंता के बावजूद कि चीन में आर्थिक उछाल के कारण कच्चे तेल की मांग बढ़ सकती है, सऊदी अरब के नेतृत्व में ओपेक और रूस के नेतृत्व वाले अन्य संबद्ध तेल उत्पादक देशों ने इस साल उत्पादन में कुल 20 लाख बैरल प्रति दिन कटौती की घोषणा की है। इससे इस महीने की शुरुआत में तेल बाजार में कीमतों में सात डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी हुई थी।

इस कदम ने पश्चिमी देशों को नाराज कर दिया है क्योंकि तेल की ऊंची कीमतें प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास की तरफ लौटने की राह और कठिन बना देंगी। साथ ही इससे यूक्रेन के साथ युद्ध कर रहे रूस को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा।

वैश्विक तेल मांग में अपेक्षित वृद्धि ने जलवायु अभियान से जुड़े लोगों की इन उम्मीदों को भी धराशायी कर दिया है कि कोविड-19 महामारी ने दुनिया की बढ़ती तेल मांग को समाप्त कर दिया है।

# एक मैदान पर सर्वाधिक टी20 अर्द्धशतक बनाने का रिकॉर्ड कोहली के नाम



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में एक स्थल पर सर्वाधिक अर्धशतक दर्ज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

कोहली ने आरसीबी के घरेलू मैदान पर अपना 25वां टी20 अर्धशतक जमाकर यह कीर्तिमान रचा, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में 24 अर्धशतक जडऩे वाले एलेक्स हेल्स के नाम था।

आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 33 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 34 गेंद 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

आईपीएल 2023 में कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर तीन मैचों में तीन अर्द्धशतक बना चुके हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 44 गेंद पर 61 रन बनाने से पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाकर अपने अभियान की शुरुआत की थी।

कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 22 अर्द्धशतक और तीन शतक बनाए हैं। यह स्थल आईपीएल में कोहली के लिये एक यादगार मैदान रहा है क्योंकि उन्होंने यहां 2,539 रन बनाए हैं, जिसमें 19 अर्द्धशतक और तीन शतक शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, कोहली बेंगलुरु में पांच मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बना सके हैं। उन्होंने चैंपियन्स ट्रॉफी 2011 के दौरान इस मैदान पर दो अर्द्धशतक बनाये थे।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आप अपने आप को थोड़ा अलग सा महसूस करोगे। व्यवसाय में नए अनुबंध लाभदायक रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, समय नहीं दिया तो संतान की चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

***वृष :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। धार्मिक यात्रा संभव है। राजकीय बाधा दूर होगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा, भागदौड़ अधिक रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल रहेगा।

***मिथुन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। मन इधर-उधर अवश्य दौड़ता रहेगा। हर किसी पर बहुत जल्दी विश्वास न करें। अपने राज दूसरों को न बताएं, मुसीबत में फंस सकते हैं। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

***कर्क :*** आज आपका दिन लाभकारी सिद्ध होगा। लंबे समय से चली आ रही परिवार की समस्या दूर होगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। बाहरी सहयोग से कार्यसिद्धि होगी। अज्ञात भय से चिंता रहेगी। लगभग व्यस्तता बनी रहेगी।

***सिंह :*** आज आपका दिन लगभग मिलाजुला रहेगा । मन अनुकूल काम न होने से परेशानी बढ़ सकती है। तनाव तथा चिंता वृद्धि होगी। संपत्ति के कार्य से लाभ होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा होगी। भवन बदलने के योग बन रहे हैं।

***कन्या :*** आज आपका दिन आपके हक में रहेगा। जो लोग आपके कार्य में अवरोध पैदा कर रहे थे, वे अब खुद आप के कार्य की प्रशंसा करेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल होंगे।

***तुला :*** हल्की चिंता को छोडक़र के लगभग आपका दिन सामान्य रहेगा। अपने विवेक से रुके काम पूरे करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शारीरिक पीड़ा संभव है। चिंता, तनाव का वातावरण बन सकता है। कोई समाचार मिल सकता है।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन आप के अनुरूप होगा। धार्मिक विचारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयास सफल होंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम ना लें।

***धनु :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। समय से अपने काम को करना सीखें। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। धनलाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा, जोखिम ना लें। किसी धार्मिक अनुष्ठान के योग बन रहे हैं।

***मकर :*** आज आपका दिन लगभग सामान्य रहेगा। व्यवसाय में उन्नतिप्रद अवसर आयेंगे। अचानक लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। चिंता रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा।

***कुंभ :*** आप आज के दिन मानसिक चिंता से अवश्य बचें। न चाहते हुए भी आप को दूसरों के लिए काम करना होगा। विवाद आदि से सम्मान को ठेस न पहुंचे। फालतू खर्च बढ़ेंगे। बेकार की चिंता का माहौल रहेगा।

***मीन :*** आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहेगा। आप जो सोचते हैं, वो तो करते नहीं है और दूसरे लोगों की बातों पर जल्द विश्वास करते हैं। स्वविवेक से सोचे। बकाया वसूली होगी। तनाव तथा अशांति रह सकती है। सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेगा।

# बच्चों को इन फूड आइटम्स को खिलाएं... नहीं होगा हीट स्ट्रोक का खतरा



गर्मियों ने दस्तक दे दी है. लोगों को पंखे में भी गर्मी महसूस होने लगी है. कुछ जगह पर अभी से कूलर और एसी का सहारा लेने लगे हैं. हालांकि हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि अभी से कूलर, एसी से लोग मौसमी वायरल के शिकार हो सकते हैं. लोग सावधानी बरतें. वहीं आने वाले कुछ दिनों में सिर तपाने वाली गर्मी पडऩे वाली है. लू भी चलेंगी, तपिश में लोगों का घर से निकलना दूभर हो जाएगा. गर्मियों में लगने वाले हीट स्ट्रोक से बड़े ही नहीं बच्चों को भी संभालकर रखने की जरूरत है. ऐसे ही फूड आइटम्स के बारे में जानने की कोशिश करेंगे, जिन्हे बच्चों को खिलाकर हीट स्ट्रोक से बचाया जा सकता है.

## खीरा व ककड़ी खाएं

गर्मियों में खीरा और ककड़ी की खेप बाजार में आ जाती है. लोग इसे खाना पसंद करते हैं. वहीं, खीरा विटामिन के, विटामिन डी जैसे सोर्स से भरपूर भी होता है. ये सभी बॉडी में पानी की कमी नहीं होने देते हैं. बच्चे चाट के रूप में भी ककड़ी, खीरा खा सकते हैं.

## छाछ और दही

दूध से दही और छाछ बनाए जाते हैं. बच्चे बाहर के जंक फूड और पेय पदार्थ पीते हैं. ये फायदे के बजाय नुकसान अधिक करते हैं. इससे इतर बच्चों को दही, छाछ, रायता बनाकर पिलाया जा सकता है. ये पेट को ठंडा करने का काम करते हैं, साथ ही दही और छाछ एनर्जी भी देते हैं.

## नारियल पानी

नारियल पानी बॉडी में पानी की कमी पूरी करने का बड़ा सोर्स है. बच्चे पानी कम पीते हैं, मगर नारियल पानी को पीना अधिक पसंद करते हैं. नारियल पानी में विटामिन-सी, कैल्शियम, मैंगनीज जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. ये इम्यून सिस्टम बढ़ाने का काम करता है.

## हरी सब्जियां भी लाभकारी

गर्मियों में लू से बचाने के लिए हरी सब्जियां फायदेमंद होती हैं. इसमें आयरन, विटामिन सी, विटानिम ए, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. बच्चे सब्जी भी नहीं खाते हैं. मगर सब्जियों को जायकेदार और सलाद के रूप में उन्हें खिलाया जा सकता है.

# दुनियाभर में बजा अजय देवगन की 'भोला' का डंका, 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म




अजय देवगन और तब्बू स्टारर 'भोला' ने फाइनली ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है. इस माइल्स स्टोन को पार करने में फिल्म को 17 दिन लगे. 'भोला' अपने तीसरे हफ्ते में है और फिल्म के लिए सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' (21 अप्रैल को रिलीज) के रिलीज से पहले घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी अभी कोई कम्पटीशन नजर नहीं आ रहा है. ऐसे में फिल्म तीसरे वीक में 80 करोड़ रुपये से ज्यादा का घरेलू नेट बिजनेस कर सकती है.

बात करें 16वें दिन की कमाई की तो तीसरे शुक्रवार को अजय देवगन की फिल्म भोला ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1.80 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई अब 80.29 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं भोला का वर्ल्ड वाइड ग्रॉस कलेक्शन 101.50 करोड़ रुपये है.

# शब्द सामर्थ्य- 36

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 035 का हल



# सू-दोकू- 36

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.035 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |